दैनिक
# नवश्रेय टाईम्स

PRGI No._RJHIN/25/A0587



सम्पर्क सूत्र
दैनिक नवश्रेय टाईम्स में समाचार, विज्ञापन और सूचनाएं प्रकाशित करवाने के लिए सम्पर्क करें:-
मो. 9602240956
Email-
navshreyatimes@gmail.com



वर्ष : 01 | अंक : 64 | जयपुर, रविवार, 05 अक्टूबर 2025 | प्रभात संस्करण | मूल्य: 2 रु. | कुल पृष्ठ : 4


### 62 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न युवा-केंद्रित योजनाओं का शुभारंभ किया

# बिहार में अब नहीं होगा पलायन, एनडीए सरकार युवाओं को राज्य में दे रही रोजगार के अवसरः प्रधानमंत्री

- राष्ट्रीय कौशल दीक्षांत समारोह में आईटीआई के 46 टॉपर छात्र सम्मानित

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को 62 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न युवा-केंद्रित योजनाओं का शुभारंभ करते हुए कहा कि एनडीए सरकार का संकल्प है कि अब बिहार का युवा अपने ही राज्य में सम्मानजनक रोजगार पाएगा और पलायन का दौर समाप्त होगा। उन्होंने कहा कि कभी शिक्षा और रोजगार के अभाव में लाखों युवाओं को बिहार छोड़कर दूसरे राज्यों की ओर जाना पड़ा था लेकिन आज राज्य विकास के नए युग में प्रवेश कर चुका है। प्रधानमंत्री ने यह बातें यहां विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय कौशल दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। इस अवसर पर उन्होंने देशभर के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के 46 टॉपर छात्रों को सम्मानित किया। मोदी ने कहा कि यह समारोह भारत में कौशल विकास को नई प्रतिष्ठा देने का प्रतीक है।




प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री कौशल और रोजगार परिवर्तन (पीएम-सेतु) योजना की शुरुआत की, जिसके तहत 60 हजार करोड़ रुपये के निवेश से देशभर के 1,000 आईटीआई को हब-एंड-स्पोक मॉडल पर अपग्रेड किया जाएगा। इस मॉडल में 200 हब आईटीआई और 800 स्पोक आईटीआई शामिल होंगे। इनके माध्यम से आधुनिक बुनियादी ढांचा, डिजिटल लर्निंग सिस्टम और इनक्यूबेशन सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मोदी ने कहा, पीएम-सेतु भारत के युवाओं को विश्व की स्किल डिमांड से जोड़ेगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में देश के आईटीआई में 170 ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जा रहा है और पिछले 11 वर्षों में डेढ़ करोड़ से अधिक युवाओं को स्किल ट्रेनिंग मिल चुकी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 तक देश में 10,000 आईटीआई थीं, जबकि पिछले एक दशक में 5,000 और स्थापित की गई हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में बिहार का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि बिहार की युवा आबादी देश की शक्ति है। उन्होंने कहा कि बिहार के युवाओं का सामर्थ्य बढ़ता है तो भारत की ताकत भी बढ़ती है। मोदी ने याद दिलाया कि दो दशक पहले बिहार की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई थी- न स्कूल खुलते थे, न भर्तियां होती थीं। इसी कारण मजबूरी में लाखों बच्चों को बनारस, दिल्ली और मुंबई पलायन करना पड़ा। उन्होंने कहा कि आरजेडी के कुशासन ने बिहार की जड़ों में कीड़ा लगा दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने उन बिगड़ी व्यवस्थाओं को फिर से पटरी पर लाया। आज बिहार में शिक्षा बजट कई गुना बढ़ा है, हर गांव में स्कूल खुल चुके हैं और पिछले दो वर्षों में ढाई लाख से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि कि अब हमारा लक्ष्य है कि बिहार का युवा बिहार में ही रोजगार पाए।प्रधानमंत्री ने बिहार के लिए कई नई योजनाओं और परियोजनाओं का शुभारंभ किया, जिनमें मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना और बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना शामिल हैं। इन योजनाओं के तहत हर साल पांच लाख स्नातक युवाओं को दो साल तक एक हजार मासिक भत्ता और मुफ्त कौशल प्रशिक्षण मिलेगा, जबकि क्रेडिट कार्ड योजना में छात्रों को 4 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त शिक्षा ऋण प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने बिहार युवा आयोग और जन नायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय का भी उद्घाटन किया।

विश्वविद्यालय उद्योग-उन्मुख पाठ्यक्रमों के माध्यम से वैश्विक स्तर का कुशल कार्यबल तैयार करेगा।उन्होंने पीएम-उषा (प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान) के तहत बिहार के चार विश्वविद्यालयों- पटना विश्वविद्यालय, भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय (मधेपुरा), जयप्रकाश विश्वविद्यालय (छपरा) और नालंदा मुक्त विश्वविद्यालय (पटना)- में नई शैक्षणिक और अनुसंधान सुविधाओं की आधारशिला भी रखी।अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर का विशेष उल्लेख किया और कहा कि उन्होंने समाज के सबसे कमजोर तबके के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

कर्पूरी ठाकुर को जननायक सोशल मीडिया की ट्रोल टीम ने नहीं बनाया, बल्कि बिहार के जन-जन ने बनाया है। मोदी ने बिहार की जनता को चेताया कि आजकल कुछ लोग 'जननायक' पद की भी चोरी करने की कोशिश में लगे हैं। इसलिए बिहार के लोग सतर्क रहें कि कर्पूरी ठाकुर का यह जनमानस द्वारा दिया गया सम्मान कोई चुरा न ले। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके नाम पर बनने वाला कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय, उनके शिक्षा विस्तार और समाज सेवा के सपनों को आगे बढ़ाने का माध्यम बनेगा। मोदी ने 34 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 400 नवोदय विद्यालयों और 200 एकलव्य आवासीय विद्यालयों में 1,200 व्यावसायिक कौशल प्रयोगशालाओं का भी उद्घाटन किया।

## देश में जहाज निर्माण के लिए 24,736 करोड़ के प्रोत्साहन पैकेज को मंजूरी

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

देश में जहाज निर्माण क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हाल ही में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में शिपबिल्डिंग फाइनेंशियल असिस्टेंस स्कीम और नेशनल शिपबिल्डिंग मिशन के तहत 24,736 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन पैकेज को मंजूरी दी गई है।केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय ने अपने एक्स अकाउंट के माध्यम से इसकी जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार, यह वित्तीय सहायता पैकेज वित्त वर्ष 2026 से 2036 तक के लिए लागू होगा और इसका उद्देश्य देश में जहाज निर्माण को प्रोत्साहित करना है। मंत्रालय के अनुसार, यह वित्तीय सहायता पैकेज वित्त वर्ष 2026 से 2036 तक के लिए लागू होगा और इसका उद्देश्य देश में जहाज निर्माण को प्रोत्साहित करना है। इस पैकेज में से 20,554 करोड़ रुपये जहाज निर्माण सहायता के लिए, 4,001 करोड़ रुपये जहाज तोड़ने के लिए क्रेडिट नोट्स के रूप में और 181 करोड़ रुपये नेशनल शिपबिल्डिंग मिशन के संचालन के लिए आवंटित किए गए हैं। सरकार का लक्ष्य इस योजना के माध्यम से करीब 96 हजार करोड़ रुपये के जहाज निर्माण को प्रेरित करना है। साथ ही, भारत के मौजूदा जहाज तोड़ने और पुनर्चक्रण पारिस्थितिकी तंत्र का उपयोग कर सर्कुलर इकोनॉमी को भी बढ़ावा दिया जाएगा।




## जापान में पहली महिला प्रधानमंत्री बनेगीं सनाए तकाइची



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

जापान की पूर्व आर्थिक सुरक्षा मंत्री सनाए ताकाइची शनिवार को सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) की पहली महिला अध्यक्ष चुनी गई और अब उनका देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया है।समाचारपत्र जापान टाइम्स की खबर के मुताबिक उन्होंने कृषि मंत्री शिंजिरो कोइज़ुमी को दूसरे दौर के निर्णायक मतदान में हराया । कोइज़ुमी पूर्व प्रधानमंत्री जुनिचिरों कोइज़ुमी के बेटे हैं। यह चुनाव पूर्व प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के इस्तीफे के बाद हुआ है जिनकी सरकार ने संसद में बहुमत खो दिया था।पार्टी नेतृत्व की दौड़ में शामिल पाँचों उम्मीदवारों में से किसी को भी पहले दौर के मतदान में बहुमत नहीं मिलने के बाद दूसरे चरण के मतदान में ताकाइची को कोइज़ुमी के 156 वोटों के मुकाबले 185 वोट मिले। ताकाइची को सांसदों के 149 और एलडीपी सदस्यो के 36 वोट मिले जो कोइज़ुमी को सांसदों के 145 और पार्टी की स्थानीय शाखा संगठन (प्रीफेक्चुरल चैप्टर) के 11 वोटों से कही ज़्यादा है।

## चुनाव आयुक्त के साथ बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने दो चरणों में मतदान कराने का दिया सुझाव

- चुनाव आयोग से दो चरणों में मतदान की मांग, दियारा क्षेत्रों में केंद्रीय बलों की तैनाती पर जोर
- मतदाता जागरूकता बढ़ाने को मतदान से 24 घंटे पहले एसएमएस अलर्ट की सिफारिश
- बुर्का पहनी महिलाओं की पहचान सुनिश्चित करने का भाजपा का सुझाव
- चुनाव में गड़बड़ी रोकने को सभी आवश्यक कदम समय रहते उठाने की जरूरतः भाजपा

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर



चुनाव आयोग और राजनीतिक दलों के बीच पटना के होटल ताज में चल रही अहम बैठक सम्पन्न हो गई। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने को लेकर दो चरणों में चुनाव संपन्न कराने का महत्वपूर्ण सुझाव दिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बैठक के बाद बताया कि पार्टी ने आयोग से आग्रह किया है कि आगामी चुनाव एक या दो चरणों में कराए जाएं, ताकि प्रशासनिक प्रबंधन सुचारु रूप से किया जा सके। चुनाव आयोग से उन्होंने पूरे राज्य में केंद्रीय बलों की व्यापक तैनाती किये जाने की मांग भी की।प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि दियारा (नदी के बीच में बालू से अच्छादित क्षेत्र) जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में, जहां पूर्व में बूथ लूट की घटनाएं सामने आई हैं, वहां किसी भी परिस्थिति में केंद्रीय सुरक्षा बलों को तैनात रखा जाए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि मतदान केंद्रों पर आने वाली बुर्का पहनी महिलाओं की पहचान सुनिश्चित की जाए, जिससे चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। भाजपा ने आयोग से यह भी अनुरोध किया कि सभी मतदाताओं को मतदान से 24 घंटे पहले एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जाए। ताकि वे चुनाव के प्रति सजग और तैयार रहें। पार्टी ने राज्य में जल्द से जल्द चुनाव कराए जाने की मांग भी की है। भाजपा नेताओं ने कहा कि चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम समय रहते उठाए जाने चाहिए। बैठक के बीच राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बैठक की तस्वीरें सोशल मीडिया एक्स पर शेयर करते हुए लिखा, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु एवं चुनाव आयुक्त डॉ. विवेक जोशी, बिहार के मुख्य चुनाव अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल तथा आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बिहार के सभी 12 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ चर्चा जारी है।

### योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन विंडो अब कार्यशील

## खान मंत्रालय ने 1,500 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण खनिज पुनर्चक्रण प्रोत्साहन योजना के लिए दिशा-निर्देश जारी किए

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 03.09.2025 को महत्वपूर्ण खनिज पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने हेतु 1,500 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी मिलने के बाद, खान मंत्रालय ने उक्त प्रोत्साहन योजना के कार्यान्वयन हेतु 02.10.2025 को योजना दिशानिर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों में पुनर्चक्रण प्रणालियों के लिए सांकेतिक परिव्यय, प्रोत्साहन आवंटन की कार्यप्रणाली, आवेदन, मूल्यांकन और संवितरण प्रक्रियाएँ, संस्थागत तंत्र और कार्यनिष्पादन समीक्षा सहित योजना के तौर-तरीके बताए गए हैं। उद्योग और अन्य संबंधित हितधारकों के साथ विस्तृत परामर्श के बाद इन दिशा-निर्देशों को अंतिम रूप दिया गया है।प्रोत्साहन योजना राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन का एक प्रमुख घटक है, और इसका उद्देश्य देश में द्वितीयक स्त्रोतों से महत्वपूर्ण खनिजों के पृथक्करण और उत्पादन के लिए पुनर्चक्रण क्षमता विकसित करना है। पात्र फीडस्टॉक स्त्रोत ई-कचरा, प्रयुक्त लिथियम-आयन बैटरी (एलआईबी), और अन्य स्क्रैप सामग्री हैं। अपेक्षित लाभार्थी बड़े और स्थापित पुनर्चक्रणकर्ता, और छोटे और नए पुनर्चक्रणकर्ता (स्टार्ट-अप सहित) दोनों होंगे। यह योजना नई इकाइयों में निवेश के साथ-साथ क्षमता विस्तार / आधुनिकीकरण और मौजूदा इकाइयों के विविधीकरण पर लागू होगी। योजना प्रोत्साहन पुनर्चक्रण मूल्य श्रृंखला के लिए होगा जो महत्वपूर्ण खनिजों के वास्तविक निष्कर्षण में है।

न कि केवल ब्लैक मास उत्पादन में शामिल मूल्य श्रृंखला के लिए।ब्लैक मास उपयोग की गई लिथियम-आयन बैटरियों से प्राप्त एक उप-उत्पाद है, जिसमें लिथियम, कोबाल्ट, निकेल, मैंगनीज और ग्रेफाइट जैसी मूल्यवान धातुएँ होती हैं।

बैटरी रीसाइक्लिंग के दौरान बैटरियों को यांत्रिक रूप से कुचलकर और संसाधित करके यह ब्लैक मास प्राप्त किया जाता है। विस्तृत दिशा-निर्देश जारी होने के बाद, यह योजना अब 02.10.2025 से छह (6) महीने की अवधि के लिए, यानी 01.04.2026 तक, आवेदन के लिए खुली है। योजना के दिशानिर्देश और आवेदन करने का लिंक खान मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।









CMYK

## संपादक की कलम से....

# डिजिटल सेवाओं से सशक्त हुआ ग्रामीण जीवन, चुनौतियाँ अभी बाकी



रेखा गौड संपादक
दैनिक नवश्रेय टाइम्स

भारत एक विशाल और विविधतापूर्ण देश है, जहाँ की अधिकांश जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। वर्षों तक तकनीकी प्रगति का लाभ केवल शहरी क्षेत्रों तक ही सीमित रहा, लेकिन अब यह स्थिति तेजी से बदल रही है। डिजिटल क्रांति ने अब गाँव-गाँव तक अपनी पहुँच बना ली है, और इसका प्रभाव सबसे अधिक पंचायतों में देखा जा रहा है। गांव अब केवल कृषि और परंपरा के प्रतीक नहीं रह गए हैं, बल्कि अब वे तकनीकी प्रगति की नई मिसाल बन रहे हैं। हाल के वर्षों में जिस तरह डिजिटल क्रांति ने पंचायतों तक अपनी पहुँच बनाई है, वह भारत के लोकतंत्र और विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। भारत सरकार द्वारा 2015 में शुरू की गई डिजिटल इंडिया योजना का मुख्य उद्देश्य देश को एक डिजिटल रूप से सशक्त समाज और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में बदलना था। इस पहल के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड इंटरनेट की पहुँच, डिजिटल साक्षरता, और ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दिया गया। सरकार की डिजिटल इंडिया योजना ने इस परिवर्तन को गति दी है। पहले जहाँ ग्रामवासियों को एक प्रमाण पत्र के लिए तहसील के चक्कर लगाने पड़ते थे, आज वे ग्राम सचिवालय या कॉमन सर्विस सेंटर से मिनटों में यह सेवा प्राप्त कर सकते हैं। पंचायत भवनों में इंटरनेट, कंप्यूटर और ई-गवर्नेंस प्रणाली की स्थापना ने प्रशासन को पारदर्शी और जवाबदेह बनाया है। मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी का सीधे बैंक खातों में आना हो या भू-अभिलेखों की डिजिटल प्रतियां, इन सबने ग्रामीण नागरिकों के जीवन को सरल बनाया है। पंचायत स्तर पर डिजिटल बैठकें, ऑनलाइन योजनाओं का मॉनिटरिंग सिस्टम और सोशल मीडिया के ज़रिए संवाद - यह सब अब सामान्य होता जा रहा है। लेकिन इस बदलाव की राह में चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। आज भी देश के कई गांवों में बिजली और इंटरनेट की सुलभता एक सपना ही है। डिजिटल साक्षरता की कमी भी एक बड़ी बाधा है। इसके अलावा, तकनीकी अवसंरचना का रखरखाव और कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी समय की माँग है। इन चुनौतियों के बावजूद, यह कहना गलत नहीं होगा कि पंचायतों तक पहुँची डिजिटल क्रांति ने गांवों के विकास की नई इबारत लिखनी शुरू कर दी है। अब ज़रूरत है कि इस गति को बनाए रखा जाए और ग्रामीण भारत को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में सतत प्रयास किए जाएं।

डिजिटल क्रांति अब केवल शहरों तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह भारत के सबसे दूरदराज़ गाँवों और पंचायतों तक पहुँच चुकी है।

इससे न केवल प्रशासनिक प्रक्रिया पारदर्शी और तेज़ हुई है, बल्कि ग्रामीण नागरिकों का जीवन स्तर भी बेहतर हो रहा है। आने वाले वर्षों में, जब तकनीक और भी सुलभ होगी, तब भारत की ग्राम पंचायतें देश की डिजिटल शक्ति का मजबूत स्तंभ बनेंगी। जब पंचायतें डिजिटल होंगी, तभी सशक्त भारत का सपना साकार होगा।

## उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया प्रदर्शनी का उद्घाटन

# प्रदर्शनी में राजस्थान की कला संस्कृति एवं वैभवपूर्ण स्थापत्य कला की पूर्ण झलक

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (एबीआरएसएम) का 9वां त्रिवार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन 5 से 7 अक्टूबर 2025 तक जयपुर स्थित केशव विद्यापीठ, जामडोली में आयोजित होगा। कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर महासंघ की अब तक की यात्रा को जीवंत करने वाली प्रदर्शनी का उद्घाटन आज उपमुख्यमंत्री राजस्थान दीया कुमारी ने किया।जयपुर सांसद मंजू शर्मा और महापौर कुसुम यादव विशिष्ट अतिथि रही।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अपने संबोधन में महासंघ द्वारा आधुनिक एवं व्यवहारिक शिक्षा को पूर्ण महत्व देते हुए शिक्षा में नवाचारों का प्रयोग करते हुए नई शिक्षा नीति को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित सभी शिक्षकों को आयातित वस्तुओं के स्थान पर प्रकृति के अनुकूल स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की शपथ दिलाई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम ने इस अवसर पर कहा कि हमें हमारे विद्यार्थियों को स्थानीय महापुरुषों जिनका विभिन्न क्षेत्रों जैसे समाज सुधार ,गौरक्षा, पर्यावरण संरक्षण महिला सशक्तिकरण आदि में योगदान रहा उनकी जीवनियों से परिचित कराना चाहिए ।








संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नारायण लाल गुप्ता ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक संघ एक ट्रेड यूनियन न होकर राष्ट्र निर्माण का एक संगठन होना चाहिए जो भारत की प्राचीन गुरू को परंपरा पर आधारित हो। हम एक विचार के साथ सदैव सकारात्मक लेकर एक बड़े लक्ष्य के लिए राष्ट्र, समाज और शिक्षा के हित में कार्य करेंगे और साथ में हमारे सम्मान की रक्षा भी करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा ने बताया कि प्रदर्शनी में महासंघ की गतिविधियों शैक्षणिक दृष्टिकोण और राष्ट्रीय भूमिका का दस्तावेजीकरण प्रस्तुत किया गया। प्रदर्शनी में एबीआरएसएम की संपूर्ण विकास यात्रा के साथ 31 राज्यों में आयोजित कार्यक्रमों एवं शिक्षक हितों के लिए किए गए प्रयासों को दर्शाया गया। महासंघ द्वारा समय-समय पर किए गए सामाजिक सरोकारों एवं राष्ट्रीय आपदाओं में कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए कार्यों ,शिक्षा के क्षेत्र में संगठन द्वारा किए गए शैक्षिक समाचारों एवं शिक्षा में राष्ट्रवाद के समावेश को दर्शाते हुए शिक्षक राष्ट्र के लिए थीम पर आधारित वीडियो एवं चित्रों को प्रदर्शित किया गया ।

साथ ही साथ संगठन द्वारा समाज में प्रारंभ किए गए सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रमों से परिचित कराया गया । प्रदर्शनी में राजस्थान की कला एवं संस्कृति एवं वैभवपूर्ण स्थापत्य कला की पूर्ण झलक दिखाई गई । भारत की विभिन्न भाषाओं में लिखे साहित्य की दुर्लभ पुस्तकों, हस्तकला द्वारा निर्मित वस्तुओं की स्टाल लगाकर कार्यकर्ताओं को भी यह सामग्री उपलब्ध कराई गई। अधिवेशन का उद्घाटन सत्र 5 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे होगा। इसका शुभारंभ राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, अनेक विश्वविद्यालयों के कुलपति और देश के प्रमुख शिक्षाविद भी उपस्थित रहेंगे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 200 लाभान्वित



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

लालकोठी स्थित एसआरके ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल की ओर से वर्ल्ड हार्ट डे के अवसर पर चल रहे 12 दिवसीय हेल्दी हार्ट शिविर में अब तक 200 मरीज लाभान्वित हो चुके है। सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. रघुराज स्वामी के निर्देशन में चल रहे इस 12 दिवसीय शिविर के दौरान हार्ट को हेल्दी रखने के टिप्स के साथ ही विभिन्न हार्ट सम्बन्धी जांचे एवं परामर्श नि:शुल्क दिया जा रहा है। शिविर प्रतिदिन सुबह 11 से दिन में 3 बजे तक चल रहा है। इसमें सीबीसी इको, बीएमआई, कोलेस्ट्रॉल, ईसीजी, लिपिड प्रोफाइल आदि जांचे उपलब्ध है। शिविर में चिकित्सक संतुलित आहार एवं नियमित दिनचर्या से स्वस्थ जीवन के टिप्स भी दे रहे है । हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. राकेश शर्मा ने बताया कि सामाजिक सरोकारों को लेकर हॉस्पिटल सदैव सक्रिय रहती है, यही वजह है कि हार्ट को स्वस्थ रखने के लिए इस तरह के मेगा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### सरकारी सिरप से तीन मासूमों की मौत मामला : पूर्व मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास आज करेंगे स्वास्थ्य भवन तक पैदल मार्च

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

राजस्थान में सरकारी सिरप पीने से तीन मासूम बच्चों की मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना पर न मुख्यमंत्री ने कोई बयान दिया और न ही चिकित्सा मंत्री ने। इसके चलते कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने कहा कि क्या गरीब की मौत का इस गूंगी-बहरी सरकार में कोई मूल्य नहीं है? दवाई के नाम पर ज़हर नहीं बांटने दिया जाएगा। उन्होंने घोषणा की है कि इसके विरोध में रविवार सुबह 11 बजे वे अपने निवास खाचरियावास हाउस, मदरामपुरा से स्वास्थ्य भवन, सी-स्कीम तक पैदल मार्च निकालेंगे। खाचरियावास ने कहा कि यह जन आक्रोश पैदल मार्च भाजपा सरकार को चेताने के लिए होगा कि आम जनता के जीवन से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### शरद पूर्णिमा सोमवारःभक्ति भाव से मनाई जाएगी शरद पूर्णिमा, इस दिन रहेगा उत्तराभाद्रपद नक्षत्र



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

आश्विन शुक्ल पूर्णिमा छह अक्टूबर सोमवार को शरद पूर्णिमा के रूप में मनाई जाएगी। घर और मंदिरों में खीर बनाकर चंद्रमा के प्रकाश में रखा जाएगा। मंदिरों में ठाकुरजी का धवल श्रृंगार किया जाएगा। ठाकुरजी को चांदी के पात्र में खीर का भोग लगाया जाएगा। ज्योतिषाचार्य बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि इस दिन उत्तराभाद्रपद नक्षत्र रहेगा। वृद्धि और धुव योग का संयोग बन रहा है। चंद्रमा मीन राशि में शनि के साथ रहेगा, जिससे चंद्रमा की किरणों का प्रभाव विशेष रूप से बढ़ जाएगा। पूर्णिमा तिथि 6 अक्टूबर को निशीथ एवं प्रदोष समय में व्याप्त होगी, जबकि अगले दिन 7 अक्टूबर को प्रदोष का स्पर्श नहीं रहेगा। शरद पूर्णिमा की शाम 5ः34 बजे चंद्रमा उदय होगा और दूसरे दिन 7 अक्टूबर को सुबह 6ः19 बजे अस्त होगा। इस वर्ष पूर्णिमा का चंद्रमा 16 कलाओं से युक्त, संपूर्ण गोलाकार एवं कटा नहीं होगा। पूर्णिमा तिथि दोपहर 12ः 24 बजे से शुरू होकर अगले दिन सुबह 9ः18 बजे तक रहेगी। धार्मिक मान्यता है शरद पूर्णिमा को चंद्रमा सोलह कलाओं के साथ खिलता है। उसकी किरणों से अमृत बरसता है। ऐसे में खुले आसमान में चंद्रमा को निहारना नेत्र ज्योति बढ़ाने वाला होता है।

**'गोविंद देवजी मंदिर'** आराध्य गोविंददेवजी मंदिर में शरद पूर्णिमा महोत्सव बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। सुबह मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में वेद मंत्रोच्चार के साथ ठाकुर श्रीजी का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद सफेद रंग की पोशाक धारण कराई जाएगी। विशेष अलंकार श्रृंगार और पुष्प श्रृंगार किया जाएगा। शाम 7.15 से 7.30 बजे तक शरदोत्सव की विशेष झांकी दर्शन होंगे।

## कंपनी पर ताला लगाने और सभी दवाओं पर तुरंत बैन की मांग

# आम आदमी पार्टी ने किया केसंस फार्मा की फैक्ट्री पर धरना-प्रदर्शन

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

राजस्थान में केसंस फार्मा द्वारा निर्मित खांसी की सिरप से अब तक तीन मासूम बच्चों की मौत हो चुकी है। आम आदमी पार्टी ने इसे प्रदेश सरकार की घोर लापरवाही और दोषी कंपनियों को संरक्षण देने का गंभीर उदाहरण बताया है। इसी मुद्दे पर शनिवार जयपुर के सरना डूंगर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित केसंस फार्मा फैक्ट्री के बाहर हल्ला बोल प्रदर्शन किया गया। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फैक्ट्री पर प्रतीकात्मक ताला लगाने की कोशिश की, लेकिन प्रशासन ने भारी पुलिस बल तैनात कर फैक्ट्री को घेर लिया। पुलिस ने आप कार्यकर्ताओं को खदेड़ दिया और शांतिपूर्ण धरना रोक दिया। इस दौरान आप कार्यकर्ताओं ने केसंस फार्मा की सभी दवाओं पर तत्काल बैन लगाने और दिवंगत तीन मासूम बच्चों सहित उन दस से अधिक बच्चों के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की, जो इस जहरीली सिरप की चपेट में आकर जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं।




आप राजस्थान प्रभारी धीरज टोकस ने कहा कि यह केवल तीन बच्चों की मौत का मामला नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश की जनता की सुरक्षा का सवाल है। आम आदमी पार्टी इस लड़ाई को आखिरी दम तक लड़ेगी।

अगर हमारी मांगें जल्द नहीं मानी गईं, तो पूरे राजस्थान में जन आंदोलन किया जाएगा। सह प्रभारी घनेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि सरकार और प्रशासन की भूमिका संदिग्ध है। दोषियों को बचाने की बजाय उन्हें जेल भेजा जाना चाहिए। अगर सरकार ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के आवास का घेराव किया जाएगा। आप नेता अमित दाधीच ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन को रोकना बेहद शर्मनाक है। सरकार कंपनी को बचाने में लगी है जबकि जनता की जान दांव पर लगी है।सरकार सच्चाई से डर रही है और सत्ता के बल पर जनता को डराने का प्रयास कर रही है। यह सरकार बच्चों की जिंदगियों से खिलवाड़ कर रही है – 'भाड़ में जाए जनता, अपना काम बनता' भाजपा की यही नीति बन चुकी है।

### एरिया डोमिनेशन अभियानः उत्पात मचाने वाले पन्द्रह संदिग्ध गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

शिप्रा पथ थाना पुलिस ने एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए रात्रि में इलाके में उत्पात मचाने वाले पन्द्रह संदिग्धों को धर-दबोचा है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत शिप्रापथ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अमृत सिंह निवासी प्रताप नगर, अनुज कुमार निवासी सवाई माधोपुर,नंदकिशोर निवासी मानसरोवर, विवेक कुशवाह निवासी मानसरोवर,राहुल निवासी मानसरोवर,शिव कुमार तोमर निवासी कालवाड़,जयकरण निवासी कालवाड़, नंदकिशोर सैनी निवासी मानसरोवर,सुनील सिंह निवासी मानसरोवर,योगेश निवासी मानसरोवर, सूर्या वर्मा निवासी मानसरोवर, अमीन निवासी हसनसपुरा, एयरपोर्ट जयपुर को गिरफ्तार किया है।

### टाटा कैपिटल लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम सोमवार को खुलेगा




■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

टाटा कैपिटल लिमिटेड (टीसीएल या कंपनी) इक्विटी शेयरों के अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के संबंध में बोली–प्रस्ताव सोमवार को खोलेगी। प्रस्ताव का मूल्य दायरा (प्राइस बैंड) 310 से 326 रूपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोलियां न्यूनतम 46 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 46 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती हैं। यह आरंभिक सार्वजनिक निर्गम 475,824,280 इक्विटी शेयरों तक (कुल प्रस्ताव आकार) का है, जिसमें 210,000,000 इक्विटी शेयरों तक का नया निर्गम और 265,824,280 इक्विटी शेयरों तक का बिक्री प्रस्ताव शामिल है। विक्रेता शेयरधारक टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड (प्रवर्तक विक्रेता शेयरधारक) हैं, जो 230,000,000 इक्विटी शेयरों तक बेच रहे हैं, और इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन (निवेशक विक्रेता शेयरधारक) हैं, जो 35,824,280 इक्विटी शेयरों तक बेच रहे हैं।

# गरबा-डांडिया में युवतिया महिलाएं युवक कपल्स में दिखा उत्साह



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

श्री राम सेवा दल संस्था की ओर से गरबा महोत्सव का सीकर रोड एक निजी गार्डन मे आयोजन हुआ।

जिसमें बड़ी संख्या में युवतिया महिलाएं युवक कपल्स आदि ने भाग लिया और गरबा की रात को रंगीन बना दिया। श्री राम सेवा दल संस्था के प्रदेशअधक्ष रामगोपाल प्रजापत ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष में नवरात्रों में गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। युवतियों और महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सजधज कर गरबा और डांडिया नृत्य किया। संध्या आरती के बाद पंडाल में माता दुर्गा के प्रति अगाध श्रद्धा प्रदर्शित करते हुए गरबा नृत्यों का आनंद लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा की पूर्व महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष मधु शर्मा, राष्ट्रीय करणी सेवा के अध्यक्ष शिव सिंह, करणी सेवा के मीडिया प्रभारी दीपक सिंह, जेकेजे ज्वैलर्स की मैनेजर श्याम लता शर्मा, मनीष ज्वेलर्स के मनीष इन सभी को दुपट्टा ओड़ाकर अयोध्या रामजी की तस्वीर भेंट की ।

इसके बाद रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति जैसे गानों पर। ओढनी उड़े तो उड़ उड़ जाए, अंबे जय जगदंबे माता, केसरिया रंग लाग्यो ओला गरबा, गरबा में चपटी भरी चाख ने और पंखीड़ा ने उड़ना जावो जैसे पारंपरिक गीतों पर नृत्य करते हुए युवतिया महिलाएं युवक कपल्स उत्साह के साथ झूमते नजर आए। प्रजापत ने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक सद्भाव और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने जोर दिया कि विभिन्न धर्मों के लोग अपने रीति-रिवाजों का पालन करते हैं और धार्मिक कार्यक्रमों से आस्था बनी रहती है तथा भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलता है।

## आखर में कथूं-अकथ पुस्तक का विमोचन

# डायरी लेखन से मिलती है मन को शांति : डॉ राजेश कुमार व्यास

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

डायरी लेखन जीवन की विसंगतियों को जीने का नाम है। डायरी व्यथा की कथा है, पर इसको लिखने से मन को शांति मिलती है। यह बात डॉ राजेश कुमार व्यास ने आखर में डॉ जितेंद्र कुमार सोनी से बातचीत में कही। इस अवसर पर यशवंत व्यास के साथ विशिष्ट अतिथियों ने पुस्तक कथूं-अकथ का विमोचन किया गया। इस अवसर पर डॉ जितेंद्र कुमार सोनी ने डॉ राजेश कुमार व्यास से राजस्थानी भाषा संस्कृति और लेखन से जुड़े विभिन्न पक्षों पर बातचीत की। अपने लेखन के बारे में उन्होंने कहा कि हम जितना पढ़ते हैं, जितना अधिक लोगों से मिलते हैं और घूमते हैं उससे पता चलता है कि हमें बहुत कम ज्ञान है और यही चुनौती लेखन के समक्ष आती है। यही बात डायरी लेखन के समय होती है इसमें जीवन के कई प्रसंग आते हैं तो अचानक जीवन में कुछ कौंधता है। इसमें कई बार यात्रा वृत्तांत शामिल होते हैं तो सभी विधाओं का सार भी डायरी लेखन में आ जाता है। राजस्थानी भाषा के भविष्य से जुड़े सवाल पर डॉ व्यास ने कहा कि संवैधानिक मान्यता नहीं मिलना और रोजगार से जुड़ी हुई नहीं होने के कारण कई चुनौतियां तो है। राजस्थानी लेखक लगातार लिख रहे हैं और अपने साहित्य को आगे बढ़ा रहे हैं। अंग्रेजी इस समय इसलिए आगे है कि वह रोजगार से जुड़ी हुई है। उनके यात्रा संस्मरण 'नर्मदे हर' की प्रसिद्धि के बारे में डॉ राजेश व्यास ने कहा कि जीवन में कई बार गठित घटित होता है छत्तीसगढ़ में खैरागढ़ जगह जाने के दौरान अमरकंटक जगह पड़ती है। वहां से नर्मदा का उद्गम होता है वहीं पर साधुओं की ओर से बार-बार नर्मदे हर का उच्चारण सुना तो नर्मदा की परिक्रमा के बारे में पुस्तक का नाम 'नर्मदे हर' ही लिखना तय किया। नर्मदा एक ऐसी नदी है जिसकी परिक्रमा की जाती है। कलाओं के प्रति लेखन के बारे में बताते हुए व्यास ने कहा कि अगर आपका रसिक मन है तो आप लिख सकते हैं आपको जो अनुभूत हो रहा है वह लिखना चाहिए आप मन की बात लिखें तो वह पाठक से जुड़ जाती है। नौकरी की तमाम विसंगतियों से मुक्ति का मार्ग सृजनात्मक लेखन देता है सार्वजनिक कविता, लेखन सजग होकर ही लिखना चाहिए। लेखक को पुस्तक तभी लानी चाहिए जब स्वयं संतुष्ट हो जाए।

### सद्गुरु स्वामी सर्वानंद महाराज की 129वें जन्मोत्सव में महिला मंडल ने किया चालीसा का पाठ

- विधायक गोपाल शर्मा ने दर्शन कर संतो से लिया आशीर्वाद
- ग्रंथ गीता के पाठों के भोग परायण के साथ होगा विशाल भंडारे एवं रक्त दान शिविर कैम्प होगा आयोजन



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

आस्था के पावन केंद्र श्री अमरापुर स्थान जयपुर में प्रेम प्रकाश मंडलाचार्य आचार्य सतगुरु स्वामी टेऊराम महाराज के परम शिष्य (द्वितीय पादशाही) महर्षि सद्गुरु स्वामी सर्वानंद महाराज के 129 वे पंच दिवसीय जन्मोत्सव के चतुर्थ दिवस पर आचार्य श्री के विग्रहो के समक्ष मान मनोहार से 56 भोग थाल अर्पित किया गए । उत्सव में संतो के सानिध्य में सतगुरु स्वामी सर्वानंद महाराज की महिमा का गुणगान किया गया । सायंकाल महिला मंडल ने सामूहिक चालीसा का पाठ किया। संतो के सानिध्य में भजन संकीर्तन किया , भजन गायक विजय गंगवानी ने गुरु एवं भगवान की महिमा का गुणगान किया । जिसके तत्पश्चात आरती पल्लव आदि धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ । सद्गुरु स्वामी सर्वानंद महाराज जन्मोत्सव के अवसर पर सिविल लाइन विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल शर्मा ने श्री अमरापुरा स्थान पर पहुंचकर संतो से आशीर्वाद लिया ।संतो ने बताया कि रविवार 5 अक्टूबर को प्रातः पंच दिवसीय जन्मोत्सव के समापन पर नित्य नियम प्रार्थना, भजन संकीर्तन, पाठों के भोग परायण के साथ विशाल आम भंडारे का आयोजन किया जाएगा । इस उपलक्ष में समाधि स्थल सुंदर ऋतु पुष्पों से श्रृंगारित कर मंदिर परिसर में आकर्षण रंगोली बनाई जाएगी। रक्त दान शिविर कैम्प लगाया जाएगा।

# दरभंगा के लिए शुरू हुई ट्रेनः मिथिला वासियों ने किया इंजन पूजन

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



जयपुर जंक्शन पर पूरा माहौल मिथिला वासियों के साथ हर्षोल्लास एवं उत्साह के रंग में सराबोर हो उठा। मौका था दरभंगा के लिए शुरू की गई प्रदेश की पहली अमृत भारत ट्रेन के स्वागत समारोह का। राजस्थान मैथिल परिषद की ओर से आयोजित इस स्वागत समारोह में जहां मिथिला की महिलाओं ने मंगल एवं स्वागत गीत गाकर ट्रेन का स्वागत किया तो वहीं मिथिला के विद्वतजनों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ट्रेन के इंजन का विधिवत पूजन किया। यह ट्रेन संख्या 19623-24 प्रत्येक शुक्रवार को जयपुर से रात 11.09 बजे दरभंगा के लिए रवाना होगी एवं वापसी भी नियमित रूप से इसी मार्ग से प्रत्येक सप्ताह करेगी।

कार्यक्रम के दौरान प्लेटफॉर्म एक पर स्थित मिथिला वासियों के चेहरे की आभा देखते ही बन रही थी, आखिर सालों के लंबे संघर्ष के बाद दरभंगा के लिए सीधी ट्रेन मिलना त्योहारी सीजन में किसी उपहार से कम नहीं था।

मिथिला वासियों का उत्साहवर्धन करने के लिए जयपुर सांसद मंजू शर्मा भी मौके पर पहुंची। राजस्थान मैथिल परिषद के अध्यक्ष अशोक ठाकुर ने सांसद का स्वागत किया एवं ट्रेन को शुरू करवाने में सांसद की ओर से निभाई गई महती भूमिका पर मिथिला वासियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। अशोक ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि लगातार 23 वर्षों के अथक प्रयास के बाद यह सफलता मिली है, इसके उन्होंने सभी मिथिला वासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और सांसद मंजू शर्मा का तहेदिल से आभार व्यक्त किया।

## उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने अक्षरधाम मंदिर में किए दर्शन

# महिला सम्मेलन में कहा - महिलाओं को मिले समान अवसर





■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

वैशाली नगर स्थित स्वामी नारायण अक्षरधाम मंदिर के 20वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित महिला सम्मेलन में शनिवार को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने शिरकत की। सम्मेलन में भाग लेने से पूर्व उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत उपमुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलन कर की। इस अवसर पर आयोजित संस्कृति दर्शन प्रदर्शनी का भी उन्होंने अवलोकन किया। बच्चों द्वारा दी गई रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने संबोधन में दिया कुमारी ने कहा कि, बच्चों ने भारतीय संस्कृति को सजीव करने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जो न केवल मनोरंजक थे बल्कि प्रेरणादायक भी थे। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और इस दिशा में कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका सीधा लाभ महिलाओं को मिल रहा है।उपमुख्यमंत्री ने कहा, भारतीय संस्कृति में महिलाओं को देवी का दर्जा दिया गया है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। जब महिलाएं आगे बढ़ेगी, तभी समाज और राष्ट्र का समुचित विकास संभव है। उन्होंने समाज से बेटा-बेटी में भेदभाव खत्म करने की अपील करते हुए कहा कि बेटियों को भी बेटों की तरह समान अवसर मिलना चाहिए। हमारी योजनाओं का केंद्र बिंदु महिलाएं हैं, और यही हमारी प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस पावन अवसर पर प्रकट ब्रह्मस्वरूप परम पूज्य महंत स्वामी महाराज के जयपुर आगमन पर उनको वंदन किया। कार्यक्रम में जस्टिस अभिलाषा कुमारी उपस्थिति रहीं।

**न्यूज़ ब्रीफ**

## मारपीट और अपहरण करने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

रामनगरिया थाना पुलिस ने मारपीट,अपहरण करने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया हैं। बदमाशों ने नशे और मौज मस्ती के लिए युवक के साथ मारपीट कर उसका अपहरण किया। बदमाशों ने जब पीड़ित के परिवार से पैसा मांगा तो परिवार ने पुलिस को सूचना दी। घटना के कुछ घंटों में पुलिस टीम ने वारदात करने वाले बदमाशों को गिरफ्तार कर पीड़ित को बदमाशों के चंगुल से छुडाया।अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व आशाराम चौधरी ने बताया कि रामनगरिया थाना पुलिस ने मारपीट,अपहरण करने वाले मानसिंह गुर्जर, देवेन्द्र कुमार, शिवा झां, रूषिकेश को गिरफ्तार कर वरदात में प्रयोग ली गई कार भी बरामद की है। चौधरी ने बताया कि 3 सितम्बर को पीड़ित ने मामला दर्ज करवाया था कि 2 सितम्बर को सुबह वह फ्लेट पर था। उसी दौरान देवेन्द्र वरखेडा,शिवा, ऋषि व मानसिंह गुर्जर फ्लेट से जबरदस्ती अपनी गाडी में डाल कर उसे ले गए। शराब पीने के लिए रुपए की मांग की और फिर जेब से जबरदस्ती रुपए निकाल लिये। रुपयों की मांग के लिए मारपीट की। इसके बाद उसे छोडने के एवज में उसके दोस्तों और रिश्तेदारों से रुपए मंगवाने के लिए उसके दोस्तों के पास कॉल करवाये। इसके बाद बदमाश पीड़ित का अपहरण कर जमवारामगढ की तरफ ले गए तथा रास्ते में रुपयों की मांग को लेकर हाथापाई करते रहे। इन्होंने दो तीन घंटे तक पीड़ित को गाड़ी में रख कर उस के साथ मारपीट की।

## परिवार के सभी सदस्य करें हनुमान चालीसा का पाठ : अकिंचन



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

सर्व आश्रम फाउंडेशन के तत्वावधान में डी.डी. ग्रुप की ओर से तीन वर्ष तक चलने वाली अष्टोत्तरशत (108) श्री हनुमंत कथाओं की श्रृंखला में 46वीं कथा का शुभारंभ शनिवार को बनीपार्क स्थित श्री राधा दामोदर जी मंदिर में हुआ।व्यासपीठ से अकिंचन महाराज ने हनुमान चालीसा की चौपाइयों के माध्यम से कथा रस प्रवाहित किया। उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा की प्रत्येक चौपाई सिद्ध है। इसका नियमित रूप से पठन करना चाहिए। प्रतिदिन परिवार के लोग सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करें। भक्तों ने गहन श्रद्धा और उत्साह के साथ कथा का श्रवण किया। इस मौके पर भक्तों ने एक स्वर में हनुमान चालीसा का पाठ कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।उल्लेखनीय है कि इस श्रृंखला के अंतर्गत कुल 108 श्री हनुमंत कथाएं आयोजित की जा रही हैं। जिसका संपूर्ण आयोजन डी.डी. ग्रुप के ओमप्रकाश शर्मा और सरिता दाधीच) की ओर से कराया जा रहा है।

## मादक पदार्थो की सप्लाई करने वाला आया पुलिस गिरफ्त में



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

हरमाड़ा थाना पुलिस ने जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ की तस्करी करते एक युवक को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने आरोपित के पास से 6.47 ग्राम स्मैक और 6 हजार 560 रुपए भी बरामद किए गए है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित छात्रों को नशा बेचता था। उस पहले भी नशा बेचने के कई मामले दर्ज है। पुलिस आरोपित से पूछताछ करने में जुटी है।पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान सहाय मीणा ने बताया कि पुलिस मुख्यालय की ओर से मादक पदार्थों की तस्करी के लिए एक विशेष अभियान चला रखा हैं। इसके तहत हरमाड़ा थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की सप्लाई करने वाले रोशन (25) निवासी सिलकी बाड़ा खंडेला मोड जिला सीकर को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से 6.47 ग्राम स्मैक और 6 हजार 560 रुपए भी जब्त किए गए है। पुलिस पूछताछ में आरोपित से सामने आया कि वह छात्रों को नशे की खेप सप्लाई किया करता था। उसके संपर्क में कई युवक हैं, जो उससे नशा लेते थे। पुलिस आरोपित तस्कर से अवैध मादक पदार्थ स्मैक की खरीद–फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

## पारिवारिक विवाद के चलते हाथ की नस काट विवाहिता फिर फंदे से झूली

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

जामडोली थाना इलाके में पारिवारिक विवाद के चलते एक विवाहिता ने अपने हाथ की नस काटी और फंदे से झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए एसएमएस के मुर्दाघर में भिजवाया। पुलिस ने घटनास्थल से एसएफएल टीम की सहायता से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटा कर जांच शुरु कर दी है।थानाधिकारी प्रहलाद नारायण नले बताया कि मीना पालड़ी के गोल्डन पार्क निवासी ममता (34) पत्नी मुकेश जांगिड़ ने पारिवारिक विवाद के चलते पहले तो अपने हाथ नस काटी और उसके बाद साड़ी से फंदा बना कर उससे लटक गई। शुक्रवार शाम करीब 4 बजे परिजनों ने ममता को आवाज लगाई तो कोई जवाब नहीं । जिसके बाद परिजन उसे बुलाने गए तो दरवाजा बंद मिला। परिजनों ने धक्का देकर दरवाजा खोला तो ममता फंदे से झूलती मिली और उसके हाथ से खून बहता मिला।

**'कारपेंटर का काम करता है पति'** पुलिस ने बताया कि मृतका ममता की शादी करीब 15 साल पहले मुकेश से हुई थी और वो कार पेंटर का काम करता है। 15 साल बाद भी ममता के बच्चे नहीं हुए। इस बात को लेकर ममता और मुकेश में आए दिन कहासुनी होती रहती थी। बताया जा रहा है कि मृतका की बड़ी बहन की भी शादी इस घर में हुई है। एक ही घर में परिवार के साथ दोनों बहनें रहती थी। सुसाइड के समय ममता का पति मुकेश अपने काम पर गया हुआ था।

## घरेलू गैस सिलेण्डरों की कालाबाजारी कर अवैध रूप से वाहनों में गैस रिफिलिंग करने आए पुलिस हिरासत में



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

जयपुर दक्षिण जिला पुलिस और रसद विभाग ने घरेलू गैस सिलेण्डरों की कालाबाजारी कर रिहायशी इलाको में अवैध रूप से वाहनों में गैस रिफिलिंग करने वालों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को डिटेन किया है और साथ ही 122 अवैध गैस सिलेंडर, सात मोटर, सात कांटा, सात रिफलिंग पिन सहित अन्य रिफिलिंग का सामान भी बरामद किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि घरेलू गैस सिलेण्डरों की कालाबाजारी कर रिहायशी इलाकों में अवैध रूप से वाहनों में गैस रिफिलिंग करने वालों के खिलाफ श्याम नगर,मुहाना,मानसरोवर, नारायण विहार, और शिप्रापथ थाना इलाके में रसद विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को डिटेन किया है और साथ ही 122 अवैध गैस सिलेंडर, सात मोटर, सात कांटा, सात रिफलिंग पिन सहित अन्य रिफिलिंग का सामान भी जब्त किया गया है।

# अमानक खाद्य पर सख्तीः शुध्द आहार, मिलावट पर वार अभियान में तीन प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



राज्य सरकार के शुद्ध आहार - मिलावट पर वार अभियान को गति देते हुए आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशों की पालना में शनिवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने जयपुर में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण कर कार्रवाई की।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि सिरसी स्थित श्याम पनीर मावा रसगुल्ला उद्योग में जून 2025 में लिए गए पनीर के नमूने की रिपोर्ट अमानक आने के बाद पुनः निरीक्षण किया गया। यहां से दूध का नमूना लिया गया तथा मौके पर पनीर उत्पादन व बिक्री कार्य बंद पाया गया।इसके अलावा सिरसी गांव सहकारी समिति दूध उत्पादन केंद्र पर जांच के दौरान पाया गया कि संकलित दूध की गुणवत्ता जांच नियमानुसार नहीं की जा रही थी। इस पर जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड के अधिकारियों को अवगत कराते हुए यहां से भी दूध का नमूना लिया गया। वहीं बागड़ा स्वीट कैटरर्स, हसनपुर रोड, सोडाला में निरीक्षण के दौरान मिठाई एवं पनीर के नमूने संकलित किए गए। संस्थान पर खाद्य अनुज्ञा पत्र नहीं मिला तथा स्वच्छता व्यवस्था भी असंतोषजनक पाई गई, जिस पर अधिनियम की धारा 56 के तहत कार्रवाई की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने कहा कि अमानक एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थ बेचने वालों पर अब किसी भी स्तर पर रियायत नहीं दी जाएगी।

नमूनाकरण के साथ-साथ अधिनियम की अन्य धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा, नरेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, पवन कुमार गुप्ता एवं नरेंद्र शर्मा शामिल रहे।

**पुलिस की 42 टीमों ने 153 अपराधियों को धरा**

## एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन में पुलिस ने बदमाशों के ठिकानों पर मारी रेड

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



जयपुर जिले की उत्तर जिला पुलिस की ओर से बदमाशों के 153 ठिकानों पर दबिश दी गई। पुलिस की 42 टीमों ने छापेमारी कर 153 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की कार्रवाई एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन के तहत की गई।जिनमें से एनडीपीएस एक्ट में 02, आबकारी अधिनियम में 04,आर्म्स एक्ट में 03, धारा 170 बीएनएसएस में कुल 128, जघन्य अपराधों यथा स्थाई वारंटी /उद्घोषित अपराधी / मफरूर/एचएस / हार्डकोर में शामिल है। पुलिस आयुक्त जयपुर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि जयपुर शहर में ऐसे अपराधी जो अवैध मादक पदार्थ गांजा, स्मैक, अफीम, भांग आदि मादक पदार्थो की तस्करी करें है,हथियारों के साथ वारदात करते हैं, गली मोहल्ले में भय पैदा करते हैं, जमीन एवं संपत्ति के विवादों को निपटाने में भय का माहौल पैदा करते हैं, आपराधिक गैंग के सदस्य है जो गंभीर अपराध करते हैं उनकी आपराधिक गतिविधियों में लगाम लगाने के लिये एवं उन पर सख्त कानूनी कार्यवाही करने के लिये पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करन शर्मा के निर्देशन में शनिवार को जिले में कुल 42 टीमों का गठन कर सघन तलाशी एवं दबिश की कार्यवाही की गई ।पुलिस टीमों के द्वारा की गयी कार्यवाही के फलस्वरूप पुलिस ने आपराधिक गतिविधियों में लिप्त कुल 153 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

**मारपीट के दौरान जख्मों पर छिड़का नमक**

## प्रेम -प्रसंग के शक के चलते महिला को पेड़ से बांधकर डंडो से मारा, युवक की पत्नी और बेटे के साथ भी हुई मारपीट

■ युवक को फोन करने की बात से नाराज से महिला के परिजन

■ उधार दिए रुपए को लेकर करती थी महिला फोन

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

बगरु थाना इलाके में एक महिला को उधार रुपए देना भारी पड़ गया। उधारी के रुपए के लिए महिला ने बार -बार युवक को फोन किए तो युवक की गुस्साई पत्नी ने पीड़ित महिला को आंगन के पेड़ से बांधकर जमकर मारा। यहीं नहीं मारपीट के दौरान महिला चोटिल हो गई तो उसके जख्मों में नमक भर दिया। गुस्साए मॉ -बेटे के चुगंल मुक्त करवा परिजनों ने गंभीर घायल अवस्था में पीड़िता को बगरु अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। मेडिकल इत्तला पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने पर्चा बयान के आधार पर मॉ -बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस गंभीरता से मामले की जांच कर रहीं है। एसआई भोपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला ने मामला दर्ज कराया है कि उसने अपने परिचित को करीब तीन से चार पहले डेढ लाख रुपए उधार दिए थे। जिसके बाद आरोपी पैसे लौटाने में आज-कल कर रहा था। पैसे वापस लेने के लिए वो परिचित को फोन करती थी। 2 अक्टूबर को सुबह करीब साढ़े 10 बजे वह बाथरुम में कपड़े धो रही थी। इस दौरान परिचित की पत्नी और उसका बेटा घर पहुंच । घर के अंदर घुसते ही उसकी पत्नी ने शोर मचाना शुरु कर दिया और अपने पति के बारे में पूछताछ करने लग गई और इसी दौरान उसने मारपीट करना शुरु कर दिया। गुस्साई महिला पीड़िता के बाल पकड़कर उसे आंगन तक घसीटकर ले आई। आरोपी महिला ने अपने बेटे के साथ मिलकर उसे नीम के पेड़ से बांध दिया और ईंट -डंडे से उसके साथ मारपीट करती रहीं। डंडे के वार से महिला जख्मी हो गई। इसी दौरान मॉ-बेटे ने मिलकर घर से लाई नमक की थैली से नमक लेकर उसके जख्मों में भर दिया।

**'पड़ोसी की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजन, पति मॉ -बेटे को लेकर हुआ फरार'** शोर-शराबे की आवाज सुन कर पड़ोसी मौके पर पहुंच और घटना की जानकारी पीड़ित महिला के परिजनों को दी। खेत पर काम कर रहें परिजन बीच-बचाव करने के लिए मौके पर पहुंचे। इसी दौरान आरोपी महिला का पति बाइक लेकर घटना स्थल पर पहुंचा और मॉ -बेटे को लेकर फरार हो गया। जिसके बाद परिजनों ने घायल अवस्था में पीड़िता को उपचार के लिए बगरु अस्पताल भिजवाया।

**'मॉ -बेटे को था अवैध संबंधों का शक'** बताया जा रहा है कि गुस्साई महिला और उसके बेटे को महिला से अवैध संबंध का शक था।

## फरार चल रहे तीन आरोपियों को पुलिस ने पकडा

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

बजाज नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे तीन आरोपियों को पकडा है।

जिसमें एक महिला भी शामिल है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि बजाज नगर थाना पुलिस ने ब्लैकमेलिंग के मामले में 2022 से फरार चल रहे महिला नीतू सोनी उर्फ सोनू निवासी श्रीगंगानगर हाल करणी विहार जयपुर,15 सालों से फरार चल रहे बबलू निवासी गांधी नगर जयपुर सहित एक साल से फरार चल रहे रामरतन बलाई निवासी भीलवाडा हाल जयपुर को गिरफ्तार किया है।

## लुटेरी दुल्हन प्रेमी के संग मिलकर नकदी व जेवरात लेकर फरार

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

बस्सी थाना इलाके में एक लूटेरी दुल्हन शादी के महज 8 महीने बाद ही अपने प्रेमी के साथ मिलकर ससुराल से लाखों रुपए के गहने और नकदी लेकर फरार हो गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दुल्हन के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। हेड कांस्टेबल श्यामलाल ने बताया की बस्सी की रहने वाली महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उनके बेटे की शादी फरवरी-2025 में अलवर निवासी युवती से हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद ही बहू के दूसरे लड़कों से प्रेम प्रसंग का पता चला। जब लड़की के बारे में पता किया गया।

## देशी और विदेशी पर्यटकों से लपकागिरी करते चार लपके गिरफ्तार



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

पर्यटक थाना पुलिस ने बाहर से आए देशी और विदेशी पर्यटकों के साथ जबरन लपकागिरी करते चार लपकों को गिरफ्तार किया।पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि पर्यटक थाना पुलिस ने बाहर से आए देशी और विदेशी पर्यटकों के साथ जबरन लपकागिरी करते फरमान (34) निवासी ब्रह्मपुरी हाल आमेर जयपुर,अमन (25) निवासी गलता गेट जयपुर,सैफ अली (27) निवासी ब्रह्मपुरी जयपुर और दीपक सोनी (23)निवासी ब्रह्मपुरी जयपुर को छोटी चौपड़, हवामहल के सामने, जल महल, रामगढ़ मोड से गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि देशी-वेदेशी पर्यटकों की पहली पसंद जयपुर शहर है और आगामी त्योहार नवरात्रा, दीपावली आदि की छुट्टियों में भारी तादाद में पर्यटक आने के कारण उनकी सुरक्षा एवं सुगम पर्यटन व्यवस्था करने एवं अवैध गाईडों के खिलाफ कार्यवाही के लिए सभी थानाधिकारियों को निर्देश दिये थे।

**तीन -चार नशेड़ियों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रहीं है पूछताछ**

## खाली पड़े डेयरी बूथ में मिला महिला का अर्द्ध नग्न शव चेहरे पर मिले चोट के निशान, पुलिस ने जताई दुष्कर्म के बाद हत्या की आंशका

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

विद्याधर नगर थाना इलाके में शुक्रवार देर रात खाली पड़े डेयरी बूथ में महिला का अर्द्ध नग्न शव पड़ा होने की सूचना पर हड़कम्प मंच गया। देखते ही देखते स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए कांवटिया अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। पुलिस ने एफएसएल टीम और डॉग स्क्वायड की टीम की मदद से कुछ महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। पुलिस का मानना है कि महिला की दुष्कर्म के बाद हत्या की गई है। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कुछ नशेड़ियों को हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रहीं है। डीसीपी नॉर्थ करन शर्मा ने बताया कि थाना इलाके में स्थित सेक्टर -5 के 15 नंबर बस स्टैंड के पास खाली पड़े डेयरी बूथ में एक महिला के अर्द्ध नग्न शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए कांवटिया अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। जिसके बाद पुलिस ने घटना स्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों से महिला की शिनाख्तगी के लिए पूछताछ की। बताया जा रहा है कि मृतका की उम्र करीब 30 साल के आसपास है, और वो खानाबदोश जीवन जी रहीं थी। फुटपाथ पर सोती थी। पुलिस ने मृतका के दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने की संभावना के चलते दो-तीन नशेड़ियों को हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रहीं है।

**'डेयरी बूथ का गेट खुला देख सिक्योरिटी गार्ड पहुंचा था मौके पर'** करन शर्मा ने बताया कि शनिवार रात करीब ढ़ाई बजे सिक्योरिटी गार्ड ने खाली पड़े डेयरी बूथ का गेट खुला हुआ देखा। गेट बंद करने के लिए जैसे ही बूथ के अंदर पहुंचा तो भौचक्का रहें गया। डेयरी बूथ में महिला अर्द्ध नग्न अवस्था में बेहोश पड़ी हुई थी और उसके हॉट और माथे से खून बह रहा था और शरीर पर रगड़ के निशान मौजूद थे। जिसके बाद सिक्योरिटी गार्ड ने स्थानीय लोगों और पुलिस को इस मामले की सूचना दी।

## खाली प्लॉट में मिला युवक का तीन दिन पुराना शव, पुलिस गुमशुदगी के आधार पर कर रहीं है परिजनों की तलाश

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

पत्रकार कॉलोनी थाना इलाके में शनिवार सुबह एक खाली प्लॉट में कचरे के ढेर में एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना हड़कम्प मच गया। घटना स्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक के शिनाख्तगी के प्रयास भी किए। लेकिन पुलिस के हाथ कोई सफलता नहीं लगी। पुलिस गुमशुदगी के आधार पर उसके परिजनों की तलाश करने में जुटी है। पुलिस ने बताया कि थाना इलाके में स्थित विनायक सरोवर गोल्यावास में एक खाली प्लॉट में एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए एसएमएस अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया।

## पांच हजार रुपये का इनामी भूमाफिया को गिरफ्तार



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे एक पांच हजार रुपये के इनामी भूमाफिया को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी जमवारामगढ़ गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड का अध्यक्ष भी है। जो लोगों को फर्जी पट्टे देकर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी भी कर चुका है। गिरफ्तार किए गए भूमाफिया की पश्चिम जिला पुलिस को काफी समय से तलाश थी। आरोपी के खिलाफ एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं और उससे पूछताछ जारी है, जिससे कई खुलासे होने की उम्मीद है।पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे एक पांच हजार रुपये के इनामी भूमाफिया महेन्द्र सिंह (55) निवासी गुढ़ा जिला झुंझुनू को गिरफ्तार किया है। जिसे बिंदायका पुलिस थाने की स्पेशल टीम के कांस्टेबल महेंद्र कुमार और जुगल किशोर ने भेष बदलकर अलग-अलग स्थानों पर कई दिनों तक रेकी की। साथ ही जगह-जगह मुखबिर तैनात किए गए। इसके बाद आरोपित को धर–दबोचा है। थानाधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि पीड़ित प्रशांत बुटोलिया ने थाने में मामला दर्ज करवाते हुए आरोप लगाया था कि गोपाल लाल योगी, हेमंत कुमार गंगवाल और कानाराम योगी नवभारत गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा विकसित कॉलोनी सत्य नगर में स्थित उनके दो प्लॉटों (7 और 8) पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं। इन प्लॉटों के मूल आवंटी पास में ही रहते हैं। 7 सितंबर 1997 को आवंटन पत्र, रसीद और साइट प्लान जारी किए गए थे। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच पड़ताल करते हुए आरोपी को पकडा है।

## स्पा की आड़ में चल रही थी अनैतिक गतिविधियां-पुलिस ने दबिश मारते हुए पांच आरोपियों को पकड़ा

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

जिला स्पेशल टीम दक्षिण (डीएसटी) ने श्याम नगर और महेश नगर इलाके अवैध स्पा सेंटर पर कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि डीएसटी दक्षिण ने स्पा की आड में चल रहे अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ श्याम नगर और महेश नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए ऋषि निवासी श्याम नगर जयपुर, पंकज सिंह निवासी भरतपुर,आकाश वर्मा निवासी अलवर,महेश निवासी दौसा और नवीन अहुजा निवासी राजा पार्क जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि श्याम नगर में स्पा स्टूडियो और महेश नगर में हीलिंग वेलनेस स्पा के नाम से स्पा चल रहे थे। जिनमें काफी समय से अनैतिक गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थी। जिसके बाद पुलिस ने टीम गठित करते हुए इन स्पा सेंटरों पर दबिश मारी है।

## ग्रह गोचरः बुध के तुला राशि में गोचर-मंगल के साथ युति से आएगी बाजारों में तेजी

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



ग्रहों के राजकुमार बुध ने अपनी कन्या राशि से निकलकर तुला राशि में प्रवेश कर लिया है। तुला राशि में पहले से विद्यमान मंगल के साथ 24 अक्टूबर तक बुध की युति बनी रहेगी। शुक्र तुला का स्वामी ग्रह होने के कारण यह संयोजन बुद्धिमत्ता और आवेश का संतुलन बनाते हुए व्यापार, कला, संगीत, संचार और रचनात्मक कार्यों में नई ऊर्जा लाएगा। पीडित श्रीकृष्ण चन्द्र शर्मा ने बताया कि इस गोचर से वस्त्र, बहुमूल्य धातु, रत्न-आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, वाहन और सजावटी सामान के व्यापार में तेजी आएगी। अचल संपत्ति और वाहन संबंधी मामलों में निर्णय लेने में लाभ होगा। आमदनी में वृद्धि और आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी। राशि अनुसार मुख्य प्रभाव। मेष: व्यापार व नौकरी में उन्नति, अविवाहितों को विवाह प्रस्ताव। वृषभ: कर्ज से राहत, स्वास्थ्य लाभ और मान-सम्मान में वृद्धि। मिथुन: शिक्षा और संतान संबंधी मामलों में सावधानी बरतें। कर्क: नया वाहन और संपत्ति के योग, माता का स्वास्थ्य बेहतर होगा। सिंह: आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भाई-बहनों के संबंध मजबूत आएगी। कन्या: धन लाभ और कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। तुला: भाग्य का साथ मिलेगा। धार्मिक यात्रा संभव, वाणी में संयम रखें। वृश्चिक: अनावश्यक खर्च बढ़ेगा। यात्राओं में सावधानी बरतें। धनु: आय में वृद्धि, परिवार में समन्वय होगा। रुकी कामना पूरी होगी। मकर: कार्यक्षेत्र में सम्मान और पदोन्नति के आसार है। कुंभ: धर्म, अध्यात्म और शिक्षा में लाभ होगा।मीन: शोध और उच्च शिक्षा में लाभ की संभावना है। अचानक धन लाभ संभव है।

**1,071 समितियों में गोदाम निर्माण के लिए भूमि चिन्हीकरण की हुई कार्यवाही**

# मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में 'सहकार से समृद्धि' की परिकल्पना हो रही साकार
# 'सहकार सदस्यता अभियान' के अंतर्गत शिविरों का हो रहा सफलतापूर्वक आयोजन

- प्रथम दो दिवस में 1,041 पैक्स के स्तर पर आयोजित हुए शिविर
- नवीन पैक्स गठन के लिए अब तक प्राप्त हुए 803 प्रस्ताव

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर




मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार 'सहकार से समृद्धि' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कदम बढ़ा रही है। इसी क्रम में 2 से 15 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे 'सहकार सदस्यता अभियान' के अंतर्गत प्रदेश भर में पैक्स स्तर पर शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है।

प्रारम्भ के दो दिवसों में 1,041 पैक्स के स्तर पर शिविरों का आयोजन कर निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में तेजी के कदम बढ़ाए गए हैं। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बताया कि अभियान के प्रथम दिन 2 अक्टूबर को 400 पैक्स द्वारा तथा द्वितीय दिन 3 अक्टूबर को 641 पैक्स द्वारा शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में प्रमुख रूप से पांच प्रकार की गतिविधियां संपादित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि पैक्सविहीन ग्राम पंचायतों में नवीन पैक्स गठन के लिए अब तक 803 प्रस्ताव विभाग को प्राप्त हो चुके हैं।

इनमें अजमेर खण्ड से 56, जोधपुर खण्ड से 301, उदयपुर खण्ड से 182, बीकानेर खण्ड से 54, जयपुर खण्ड से 102, कोटा खण्ड से 28 एवं भरतपुर खण्ड से 80 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में नवीन ग्राम सेवा सहकारी समितियों के गठन के लिए ऑनलाइन व्यवस्था प्रारम्भ की गई है, जिसमें निरीक्षकों को लक्ष्य प्रदान करने से लेकर स्वीकृति जारी करने तक के कार्य ऑनलाइन रूप से संपादित होंगे। इससे कामकाज में तेजी आएगी और प्रक्रिया में पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। दक ने बताया कि राज्य में अब तक 1,050 पैक्स तथा 21 केवीएसएस के लिए गोदाम निर्माण हेतु भूमि चिन्हीकरण का कार्य किया जा चुका है।

जबकि, 1,098 पैक्स तथा 24 केवीएसएस द्वारा भूमि आवंटन के लिए आवेदन किया जा चुका है।

वहीं, 56 पैक्स के लिए भूमि आवंटन की स्वीकृति भी दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लम्बित आवेदनों में से 15 हजार 872 पात्र कृषकों की आधार सीडिंग का कार्य तथा 7,439 पात्र कृषकों की ई-केवाईसी का कार्य अभियान के अंतर्गत किया जा चुका है। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार मती मंजू राजपाल ने बताया कि सहकारी समितियों से युवाओं और महिलाओं को जोड़ने का कार्य भी तेजी से जारी है। अभियान के अंतर्गत सहकारी समितियों की सदस्य संख्या में 10 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है।

इस दिशा में तेजी से कार्य करते हुए अब तक लगभग 1.50 लाख सदस्य बनाये जा चुके हैं। अठारह वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन कर सहकारी समिति का सदस्य बन सकता है।

ऑनलाइन सदस्यता आवेदन पत्र का लिंक राज सहकार पोर्टल https://rajsahakar.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। मती राजपाल ने बताया कि अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित नवीन सहकारी कानून के प्रमुख प्रावधानों से जनसाधारण को अवगत करवाना भी एक प्रमुख गतिविधि है। अब तक 1 लाख 70 हजार से अधिक व्यक्तियों को नवीन कानून के प्रावधानों की जानकारी दी जा चुकी है

**जैसलमेर में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति- (दिशा) की बैठक आयोजित**

## पेयजल, स्वास्थ्य, सड़क, आवास सहित विभिन्न योजनाओं की हुई समीक्षा- योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन ही विकसित भारत की आधारशिला : शेखावत

- केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने दिए गुणवत्ता एवं समयबद्धता के निर्देश

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनोपयोगी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन ही विकसित भारत की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक बैठे पात्र व्यक्ति तक पहुँचाना ही सरकार का लक्ष्य है। साथ ही, उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेकर अधिकाधिक लाभ प्राप्त करें और भारत निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएँ। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं की जमीनी स्तर पर प्रभावी निगरानी, गुणवत्तापूर्ण कार्य एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित की जाए। केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री शेखावत की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। केन्द्रीय मंत्री श्री शेखावत ने बैठक में जैसलमेर जिले में संचालित केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, परियोजनाओं, अभियानों सहित लोक कल्याण एवं सामुदायिक विकास की योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा एवं समीक्षा कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान श्री शेखावत ने मरुस्थलीय जैसलमेर जिले में शहरी एवं ग्रामीणॉचलों की पेयजल प्रबन्धन गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि नहरबन्दी एवं पानी की बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्धता के लिए उपयुक्त कंटीन्जेन्सी प्लान के अनुरूप निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने इस दिशा में प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि पेयजल से संबंधित सभी गतिविधियों एवं योजनाओं की माइक्रो लेवल पर समीक्षा की जाए तथा पिछले वर्ष के अनुभवों के आधार पर और अधिक प्रभावी एवं बेहतर प्रबंधन तंत्र विकसित किया जाए। केंद्रीय मंत्री श्री शेखावत ने जल जीवन मिशन में आ रही कमियों के निस्तारण के लिए बेहतर ढंग से समुचित कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बंद पड़े हैंडपंपों, जीएलआर एवं ट्यूबवेल्स को जनता जल योजना के तहत शीघ्र सुचारू करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कि गर्मियों व नहरबंदी के समय पेयजल वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। बैठक में उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिले के जिला अस्पताल, पीएचसी एवं सीएचसी में स्वीकृत व रिक्त पदों की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मौसमी बीमारियों एवं उपलब्ध दवाओं की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की एवं अधिकारियों को हर स्तर पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी प्रदान किए। साथ ही नगर परिषद आयुक्त को सीवरेज तंत्र सुधारने, सफाई व्यवस्था बेहतर करने एवं अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री ने जिले में स्वीकृत सड़कों की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेकर अधिकारियों को कार्य गुणवत्ता पूर्ण एवं निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने एवं योजना के अंतर्गत पुरानी सड़कों के मरम्मत कार्य समय रहते पूर्ण करने पर जोर दिया। साथ ही, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त जानकारी के आधार पर ग्रामीण क्षेत्रों में खराब सड़कों की समस्या को सुधारने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

## विश्व पशु कल्याण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन




- पशुओं के प्रति करुणा, संवेदनशीलता और दया भाव रखना हम सबकी जिम्मेदारीः अध्यक्ष, जीव जंतु कल्याण बोर्ड

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर


विश्व पशु कल्याण दिवस 4 अक्टूबर को प्रति वर्ष एक अभियान के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर शनिवार को राज्य स्तरीय कार्यक्रम श्री जसवंत सिंह बिश्नोई, अध्यक्ष, राजस्थान राज्य जीव-जंतु कल्याण बोर्ड की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग एवं राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में गौ पुनर्वास केंद्र, हिंगोनिया गौशाला, जयपुर में आयोजित किया गया। विश्व पशु दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम 'सेव एनिमल्स, सेव द प्लेनेट' की थीम पर मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जीव जंतु कल्याण बोर्ड द्वारा गायों को हरा चारा, गुड़ और पशु आहार खिलाकर किया गया। इस अवसर पर श्री बिश्नोई ने कहा कि पशु न केवल हमारे पारिस्थितिकी तंत्र का हिस्सा हैं बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था में भी इनका बहुत योगदान है। इनसे हमारे पर्यावरण का संतुलन बना रहता है। उन्होंने कहा कि पशुओं के प्रति करुणा, संवेदनशीलता और दया भाव रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे पशुओं के साथ प्रेमपूर्ण और सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करें।

उन्होंने कहा कि पशुओं के संदर्भ में किए जाने वाले सभी कल्याणकारी कार्य समाज सेवा के ही हैं। अध्यक्ष श्री बिश्नोई ने कहा कि गाय और अन्य पशु हमारे सांस्कृतिक एवं सामाजिक जीवन का आधार हैं। विश्व पशु दिवस का संदेश केवल एक दिन तक ही सीमित नहीं होना चाहिए।

बल्कि हर दिन हमें पशुओं के प्रति संवेदनशीलता और करुणा से व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पशु हमारे पर्यावरण और जैव विविधता के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। यदि हम पशुओं की रक्षा करेंगे तो धरती का संतुलन सुरक्षित रहेगा। पॉलीथिन का त्याग पशुओं और धरती की सुरक्षा की दिशा में सबसे बड़ा कदम है। पशु कल्याण केवल सरकार का कार्य नहीं है बल्कि हर नागरिक का दायित्व है।

## पायलट अध्यक्ष बने तो कांग्रेस को फायदा :नरेश मीणा

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



देवली उनियारा से निर्दलीय विधान सभा उप चुनाव लड़ चुके नरेश मीणा ने कहा कि सचिन पायलट कांग्रेस अध्यक्ष बनते हैं कांग्रेस को 2028 में फायदा होगा। क्यो कि वह युवा है युवाओ की राजनीति में बहुत जरूरत है। उनके नेतृत्व के कांग्रेस और मजबूत होगी। जयपुर से झालावाड़ जाते समय शुक्रवार को टोंक हाईवे के पास एक होटल में कुछ देर रुके नरेश मीणा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि टोंक जेल में हथियार के साथ बंदियों का गत दिनों वीडियो सामने आया है, जबकि मैंने पहले ही कहा था, कि टोंक जेल में हथियार है। मेरी जान को खतरा है। अब पुलिस टोंक जेल के हथियारों को जब्त करना चाहिए और यह भी सामने लाना चाहिए कि ये हथियार यहां किस काम के लिए कई थे। नरेश मीणा ने यह भी कहा कि जिन हथियारों के साथ दो बंदी वीडियो में नजर आ रहे है, उनसे के अलावा मेरी जेल में किसी से कोई दुश्मनी नही थी, एक बंदी दीपक तो जेल में मेरे साथ बैरक में भी रहा।

हालांकि लोग क्रिमिनल मामले में थे। लेकिन मैं जिस तरह से भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रहा हूं, वे लोग मुझे जिंदा नहीं देखना चाहते है। कांग्रेस में जाने के सवाल पर नरेश मीणा न कहा कि वे प्रदेश कांग्रेस की गुटबाजी में नहीं पड़ना चाहते है। इसलिए राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की मौजूदगी में ही कांग्रेस में जाना चाहता हूं।और उन्हें आदिवासी, दलितों को हों रही अपेक्षा से भी अवगत कराना चाहता हूं। बड़े मंच पर उनके पास दलित नेता को भी जगह मिले, 5- 10 टिकट अच्छे लोगों को दिलवा सकूं। इस दौरान आरपीएससी में हुए सुधार को लेकर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की भी तारीफ करते हुए कहा कि आरपीएससी की तरह एसीबी में भी सुधार हो, क्योंकि जिन्हें रिश्वत के साथ भ्रष्ट अफसरों को जिम्मेदारी दी गई वे ही रिश्वत के साथ पकड़ में आ रहे है। नरेश मीणा ने कहा कि वह चाहते है कि एक बार मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से टेबल पर उनकी मुलाकात हो, ताकि जो भ्रष्टाचार और नशे से आम लोगों की जिंदगी खराब हो रही है, उससे अवगत कराकर आरपीएससी की तरह सुधार हो सके।

### जेल में हुए अनुभवों पर नरे जेल डायरी लिखूंगा

**जेल में रहने के अनुभवों को लेकर नरेश मीणा ने कहा कि जेल की जिंदगी काफी अलग है। सरकार भले ही बंदियों के लिए अच्छा खाना, रहना आदि व्यवस्था की बात करती है लेकिन हकीकत और ही है। जो अधिकारी भी जेल का निरीक्षण करने जाते है, तो वे भी पर्यटक बनकर जाते है। निरीक्षण की सूचना मिलने के बाद 15 मिनट पहले अब बंदियों को अलर्ट कर दिया जाता है। बंदियों को जेल की खामियों के बारे में बोलने भी दिया जाता है। कोई बोल देते है तो उसे प्रताड़ित किया जाता है। जेल में क्या क्या व्यवस्था रहती है किस तरह का व्यवहार से बंदियों गुजरना उड़ता है,इन सबको लेकर अब जेल डायरी लिखूंगा, उसमें ये सब बात सामने आ जाएगी।**

## कांग्रेस के दिग्गज नेता रामेश्वर डूडी का निधन

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



राजस्थान कांग्रेस के दिग्गज नेता रामेश्वर डूडी (62) का शुक्रवार देर रात्रि निधन हो गया। कांग्रेस के देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग के अनुसार डूडी ने अपने निवास पर ही अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा।

डूडी लंबे समय से बीमार चल रहे थे, वे करीब 25 महीने से कोमा में थे। उल्लेखनीय है कि 1 जुलाई 1963 में जन्मे रामेश्वर डूडी ने राजनीति में बड़े मुकाम हासिल किए। छात्र राजनीति से राजनीतिक सफर शुरू किया। इसके बाद 1995 से 1999 तक नोखा के प्रधान रहे। उल्लेखनीय है कि 1 जुलाई 1963 में जन्मे रामेश्वर डूडी ने राजनीति में बड़े मुकाम हासिल किए। छात्र राजनीति से राजनीतिक सफर शुरू किया। इसके बाद 1995 से 1999 तक नोखा के प्रधान रहे। 1999 से 2004 तक बीकानेर लोकसभा सांसद रहे। इस दौरान फूड सिविल सप्लाई एवं पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन कमेटी के सदस्य भी रहे। वहीं 2005 से 2010 तक जिला प्रमुख भी रहे। इसके बाद डूडी ने विधानसभा की ओर रुख किया।

2013 में नोखा से विधायक बने। 2013 से 2018 तक राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी रहे। वहीं 2022 में राजस्थान स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन भी रहे। पिछले विधानसभा चुनाव से पहले वे बीमार हुए। जिसके बाद से लगातार कोमा में रहे। बता दें कि रामेश्वर डूडी का राजनीतिक जीवन बड़ा प्रभावी रहा।उन्होंने उत्तर पश्चिम राजस्थान के किसानों की पीड़ा को मजबूती से उठाया। किसान नेता के रूप में सशक्त पहचान बनाई। अब उनके पीछे उनकी पत्नी नोखा की वर्तमान विधायक सुशीला डूडी व एक पुत्र है।

डूडी के निधन पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट सहित अनेक कांग्रेस और बीजेपी नेताओं ने दुःख जताया है।

### दीपावली से पहले मुख्यमंत्री शर्मा का कार्मिकों को उपहार, महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत वृद्धि को मंजूरी

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

12 लाख 40 हजार कार्मिक एवं पेंशनर्स होंगे लाभान्वित जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस माह दीपावली के त्यौहार से पहले राज्य कार्मिकों को महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत वृद्धि का उपहार दिया है। पेंशनर्स को भी महंगाई राहत में 3 प्रतिशत वृद्धि देय होगी। उल्लेखनीय है कि गत बुधवार को केन्द्र सरकार द्वारा केन्द्रीय कार्मिकों के लिए डीए में बढ़ोतरी की गई थी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य में भी बिना देरी के महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत में वृद्धि को मंजूरी प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को इस संबंध में वित्त विभाग के प्रस्ताव का अनुमोदन किया। अब प्रदेश में सातवें वेतनमान के अंतर्गत राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को 1 जुलाई 2025 से 55 प्रतिशत से बढ़ाकर 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता अथवा मंहगाई राहत देय होगी। इस निर्णय से लगभग 8 लाख कार्मिक एवं 4.40 लाख पेंशनर्स लाभान्वित होंगे।

# अमेरिका के गाजा पीस प्लान पर हमास सहमत, ट्रंप ने इजराइल को गाजा में कार्रवाई तत्काल रोकने को कहा

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



अमेरिका के गाजा शांति प्रस्ताव पर फिलिस्तीनी मिलिशिया संगठन हमास सहमत हो गया है। हमास ने शांति प्रस्ताव के तहत जीवित या मृत, सभी इजरायली बंधकों को रिहा करने की घोषणा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से हमास के लिए शांति प्रस्ताव स्वीकार करने को लेकर डेडलाइन दिए जाने के कुछ देर बाद ही हमास ने इसकी घोषणा की।जिसके बाद ट्रंप ने इजराइल को गाजा में तुरंत बमबारी रोकने को कहा है। हमास ने संकेत दिया है कि वह तुरंत मध्यस्थता वार्ता में शामिल होने के लिए तैयार है जिसके बाद डोनाल्ड ट्रंप ने संतोष व्यक्त करते हुए ट्रुथ सोशल पर लिखा, हमास की ओर से जारी बयान के आधार पर मेरा मानना है कि वे स्थायी शांति के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने इसराइल की तरफ से गाजा पर बमबारी तुरंत रोके जाने की जरूरत बताई है जिससे जल्द से जल्द बंधकों को सुरक्षित निकाला जा सके।हमास की तरफ से कहा गया है कि ट्रंप के गाजा प्लान पर विस्तृत चर्चा के लिए मध्यस्थों के माध्यम से तत्काल वार्ता में शामिल होने के लिए तैयार है। हमास ने यह भी दोहराया कि वह गाजा का प्रशासन स्वतंत्र तकनीकी विशेषज्ञों की फिलिस्तीनी संस्था को सौंपने के लिए तैयार है। हमास ही अब तक गाजा का प्रशासन चलाता था। द टाइम्स आफ इजराइल के मुताबिक योजना में निर्धारित शर्तों के अनुसार हमास शेष बचे सभी 48 बंधकों को रिहा करने के लिए तैयार है, जिसके तहत उन्हें स्थायी युद्ध विराम लागू होने के 72 घंटों के भीतर रिहा किया जाएगा और बदले में उन्हें 2,000 से अधिक फिलिस्तीनी सुरक्षा कैदियों तथा मारे गए गाजावासियों के शवों के साथ रिहा किया जाएगा। इसके बाद इजरायल गाजा से अपनी वापसी का पहला चरण पूरा करेगा।

### हमास को ट्रंप की चेतावनी

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने हमास को रविवार शाम 6 बजे तक इजरायल के साथ शांति समझौते पर पहुंचने का अल्टीमेटम दिया था। उन्होंने कहा था कि हमास को गाजा प्लान को स्वीकार कर इजरायली बंधकों को रिहा करने का आखिरी मौका दिया जा रहा है, अगर वह इस पर सहमति नहीं जताता है तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा। बीते दिनों अमेरिका दौरे पर गए इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ट्रंप से अमेरिकी शांति योजना पर बातचीत हुई जिसमें दोनों के बीच इसे लेकर सहमति बनी थी। 30 सितंबर को मिस्र, जॉर्डन, कतर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्की, इंडोनेशिया और पाकिस्तान ने संयुक्त बयान जारी कर ट्रंप के गाजा पीस प्लान का समर्थन किया था। अमेरिका के गाजा पीस प्लान के तहत हमास को तुरंत 48 इजराइली बंधकों को छोड़ना होगा, जिनमें लगभग 20 जीवित माने जा रहे हैं। इसके साथ ही उसे सत्ता और हथियार छोड़ने होंगे। जबकि इजराइल, गाजा में अपनी कार्रवाई रोक कर अधिकांश क्षेत्रों से पीछे हटेगा, सैकड़ों फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा और मानवीय मदद तथा पुनर्निर्माण की अनुमति देगा। गाजा के लगभग 20 लाख फिलिस्तीनियों के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रशासन लागू होगा। अक्टूबर 2023 में इजराइल पर हमास के आतंकी हमले के बाद से इजराइल ने गाजा में जो सैन्य कार्रवाई शुरू की, जिसने पूरे मध्य पूर्व को प्रभावित किया है।बीस सूत्री गाजा पीस प्लान में क्या है खासः-इजराइल गाजा में तुरंत सैन्य अभियान रोक कर चरणबद्ध तरीके से सेना को हटाएगा।हमास 72 घंटे के भीतर सभी बंधकों को रिहा करेगा।

-इजराइल अपने यहां आजीवन कारावास की सजा पाए 250 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इसके अलावा हिरासत में लिए गए 1700 गाजावासियों की भी रिहाई होगी।-हमास के जो सदस्य शांतिपूर्वक साथ रहने की शपथ लेंगे, उन्हें माफी दी जाएगी।-गाजा में बड़े पैमाने पर मानवीय सहायता के रूप में रोजाना कम से कम 600 ट्रक राहत सामग्री पहुंचेंगे।-गाजा की शासन व्यवस्था में हमास को कोई भूमिका नहीं मिलेगी और सभी आतंकी सुरंगें व सैन्य ढांचे नष्ट किए जाएंगे।

-गाजा का प्रशासन फिलिस्तीनी तकनीकी विशेषज्ञों के हाथों में होगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### ख्वाजा गरीब नवाज के 814वें उर्स का कार्यक्रम घोषित, 16 दिसंबर को चढ़ेगा झंडा



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

दरगाह ख्वाजा गरीब नवाज का 814वां सालाना उर्स इस बार 16 दिसंबर से शुरू होगा। दरगाह कमेटी ने प्रस्तावित कार्यक्रम जारी कर दिया है, जिसे जिला प्रशासन और केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलात मंत्रालय को भी भेजा गया है। कार्यक्रम के अनुसार इस बार बुलंद दरवाजे पर झंडा चढ़ाने का जुलूस 16 दिसंबर को शाम 4÷45 बजे से शुरू होगा। रोशनी से पहले यानी करीब 6÷15 बजे झंडा चढ़ा दिया जाएगा, जिससे उर्स की अनौपचारिक शुरुआत हो जाएगी। कमेटी की ओर से प्रयास किया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजिजू सहित अन्य वीवीआईपी की ओर से भेजी जाने वाली चादरें 16 से 20 दिसंबर के बीच दरगाह में पहुंच जाएं। इससे जायरीन को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए मंत्रालय से पत्र व्यवहार किया जा रहा है। 20 दिसंबर को ऐतिहासिक जन्नती दरवाजा तड़के 4÷30 बजे जियारत के लिए खोल दिया जाएगा। मगरीब की नमाज के बाद हिलाल कमेटी की बैठक होगी। यदि रजब का चांद नजर आ जाता है तो उसी रात से उर्स की महफिलें शुरू हो जाएंगी।

### प्रदेश में पर्यटकों और श्रद्धालुओं को मिलेगी बेहतर सुविधा, वित्त विभाग ने विकास कार्यों के लिए 23 करोड़ रूपये किए स्वीकृत

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

- हेरिटेज ट्यूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा, 4 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहमति
- रणथम्भौर के त्रिनेत्र गणेश मंदिर में होंगे 2 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्य

राज्य बजट घोषणाओं में किए वादों को धरातल पर उतारने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इस सतत् विकास की दिशा में राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए धार्मिक पर्यटन स्थलों के जीर्णोद्वार, सौन्दर्यकरण एवं विकास के लिए वित्त विभाग ने पर्यटन विभाग को 22 करोड़ 93 लाख 12 हजार रूपये की वित्तीय सहमति प्रदान की है। प्रदेश की राजधानी में हेरिटेज ट्यूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए आइकॉनिक ट्यूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में नाहरगढ़ एवं आमेर में संरक्षण, जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य के लिए वित्त विभाग ने 4 करोड़ 37 लाख 74 हजार रुपये की वित्तीय सहमति प्रदान की है। पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा के लिए वित्त विभाग ने सवाई माधोपुर जिले के रणथम्भौर में स्थित त्रिनेत्र गणेश जी मंदिर, में पर्यटन विकास के लिए 2 करोड़ 6 लाख रूपये की वित्तीय सहमति प्रदान की है। पर्यटन विभाग द्वारा हम्मीर महल से त्रिनेत्र गणेश मंदिर तक सुगम रास्ते का निर्माण करवाया जायेगा। साथ ही, श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, सोलर पैनल आदि जनसुविधाएं उपलब्ध करवाई जायेंगी। इसी प्रकार राजसमंद जिले के सुप्रसिद्ध मंदिर द्वारिकाधीश में विकास कार्य कराये जाने के लिए 1 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहमति प्रदान की गई है। इससे श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में बारादरी का निर्माण, फूड कोर्ट, पार्किंग में जन सुविधाएं, परिसर में पेंटिंग, एवं विद्युतीकरण का कार्य करवाया जायेगा।वित्त विभाग ने बाड़मेर जिला स्थित रामदेवजी की जन्मस्थली रामदेरिया काश्मीर में विकास व जीर्णोद्धार के लिए 104.25 लाख रूपये, जयपुर के माधोराजपुरा स्थित भोमिया जी मंदिर के लिए 107 लाख रुपये, पाली के डोवा रामजी महाराज तीर्थ बालरई (रानी) के लिए 135.89 लाख रूपये, सिरोही जिले के चामुण्डा माताजी मंदिर के लिए 99.94 लाख रूपये, उदयपुर जिले के नीमच माता मंदिर के लिए 49.42 लाख रूपये, बाड़मेर (गुडामलानी) के धुधलेश्वर महादेव के लिए 56 लाख रूपये, बालोतरा के हल्देश्वर महादेव मंदिर के लिए 53.50 लाख रूपये, पाली के सुमेरपुर स्थित कुबाजी महाराज तीर्थ-देसूरी के लिए 196.54 लाख रूपये, (कामां) डीग के बरौली धाऊ में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 228.95 लाख रूपये, भरतपुर जिले की पदम हवेली के जीर्णोद्वार कार्य के लिए 265.56 लाख रूपये व डीग (कामां) के विमल कुण्ड के सौन्दर्यकरण कार्य के लिए 201.33 लाख रूपये की वित्तीय सहमति प्रदान की है।

### भारत-यूरोपीय संघ के बीच 14वें दौर की एफटीए वार्ता 6 अक्टूबर से



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर 14वें दौर की वार्ता 6 अक्टूबर से शुरू होने जा रही है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष वॉन डेर लेयेन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस साल के अंत तक एफटीए को अंतिम रूप देने का लक्ष्य रखा है। यूरोपीय संघ के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने शनिवार को भारत में यूरोपीय व्यापार महासंघ (एफईबीआई) की दूसरी वार्षिक आम बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष इस वर्ष के अंत तक इस समझौते को अंतिम रूप देने के लक्ष्य के साथ तेजी से बातचीत को आगे बढ़ा रहे हैं। एफईबीआई की दूसरी वार्षिक आम बैठक में बोलते हुए हर्वे डेल्फिन ने इस बात पर जोर दिया कि भारत में पहले से ही बड़ी संख्या में यूरोपीय व्यापार मौजूद हैं, जो मुक्त व्यापार समझौता के और भी ज्यादा अवसर खोल सकता है। एफईबीआई के एक नए सर्वेक्षण के अनुसार 6,000 से ज्यादा यूरोपीय कंपनियां भारत में काम कर रही हैं और 30 लाख से ज्यादा रोजगार पैदा कर रही हैं।

### गुजरात भाजपा के नए अध्यक्ष बने जगदीश विश्वकर्मा




■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

गुजरात भारतीय जनता पार्टी(भाजपा)के नए प्रदेश अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा ्टी(पांचाल) चुने गए हैं। इस तरहप्रदेश भाजपा अध्यक्ष के लिए लंबे समय से चल रहे अटकलों पर विराम लग गया है। जगदीश विश्वकर्मा प्रदेश सरकार में सहकारिता मंत्री हैं। प्रदेश चुनाव समिति ने शनिवार 4 अक्टूबर को भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में जगदीश विश्वकर्मा के नाम की आधिकारिक घोषणा कर दी। उन्होंने प्रदेश कार्यालय कमलम में अपना कार्यभार भी संभाल लिया है। इस तरह जगदीश विश्वकर्मा गुजरात भाजपा के 14वें प्रदेश अध्यक्ष बन गये हैं। उन्होंने कल विजय मुहूर्त में कमलम में प्रदेश अध्यक्ष पद की उम्मीदवारी के लिए नामांकन भरा था। प्रदेश अध्यक्ष के लिए जगदीश विश्वकर्मा के अलावा किसी ने भी फॉर्म नहीं भरा है, इसलिए वह निर्विरोध निर्वाचित किए गए हैं। गुजरात प्रदेश प्रभारी भूपेन्द्र यादव ने आधिकारिक तौर पर जगदीश विश्वकर्मा को गुजरात भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया। राष्ट्रीय परिषद के 39 फॉर्म भरे गए थे, जिनमें से सभी को निर्विरोध घोषित कर दिया गया है।

स्वत्वाधिकारी , मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक रेखा गौड़ के लिए महारानी प्रिन्टर्स, 17 माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर में मुदित एवं प्लाट नं. एसबी-7, रजनी विहार, हीरापुरा, अजमेर रोड, जयपुर-302024 से प्रकाशित ।
( पी.आर. बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार )

CMYk